# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com
सिवनी-मालवा ✱ पिपरिया ✱ सोहागपुर ✱ मुलताई ✱ सारनी ✱ आमला ✱ टिमरनी ✱ खिरकिया
भोपाल 12 जून 2025


## न्यूज कार्नर

### संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुईं सांसद नारोलिया



**नर्मदापुरम।** संसद भवन, नईदिल्ली स्थित एनेक्सी में बुधवार को श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी की अध्यक्षता में आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय की संसदीय स्थायी समिति की बैठक आयोजित हुई जिसमें समिति सदस्य के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया शामिल हुई। बैठक में नगरीय विकास की रूपरेखा एवं प्रधानमंत्री आवासों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विचार-विमर्श हुआ। बैठक राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने मप्र एवं नर्मदापुरम् जिले से संबंधित विषयों को प्रमुखता से रखा।

### जिले की पहली सिन्दूर वाटिका में पौधरोपण कल

**जागरण नर्मदापुरम।** दादा गुरु सरकार द्वारा की गई मां नर्मदा के अद्भुत भक्ति एवं उनकी अकल्पनीय उपासना, सदी के सबसे कठोर अखंड निराहार महाव्रत साधना के 1700 दिन पूर्ण होने पर एवं राष्ट्र आराधना प्रकृति उपासना का जीवंत संदेश के साथ शुक्रवार को 51 सिन्दूर के पेड़ो का रोपण कर जिले में पहली सिन्दूर वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम पिपरिया के समीप मां नर्मदा के तट पर स्थित खैरा कुटी आश्रम में आयोजित किया जा रहा है। सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाली समाजसेविका डा अमृताराजे पलिया ने बताया कि 13 जून को दादा गुरु की उपस्थिति में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के तहत भारतीय सेना को समर्पित करते हुए इस वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। माँ नर्मदा के स्वच्छता अभियान के साथ एक पेड़ माँ के नाम पर 51 सिन्दूर के पेड़ो का वृक्षारोपण कर जिले में पहली सिन्दूर वाटिका का निर्माण करेंगे। उन्होंने मां नर्मदा मिशन की समस्त मातृशक्ति से आग्रह किया कि राष्ट हित एवं धर्म की रक्षा के प्रति व सामाजिक चेतना के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर माँ नर्मदा के स्वच्छता अभियान में सहभागिता करें।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक आज

**जागरण नर्मदापुरम।** संयुक्त परामर्शदात्री समिति की वर्ष 2024 की तृतीय बैठक का आयोजन कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में 12 जून को प्रातः 11 बजे से जिला कार्यालय के रेवासभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। सभी विभाग के अधिकारियों को उक्त बैठक में अद्यतन जानकारी के साथ मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रभारी मंत्री राकेश सिंह आज जिले के दौरे पर

**जागरण, नर्मदापुरम।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री तथा नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह बुधवार 12 जून को नर्मदापुरम आ रहे है। प्रभारी मंत्री गुरुवार सायं 04 बजे छिंदवाड़ा से नर्मदापुरम जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। सायं 07 बजे पचमढ़ी में प्रभारी मंत्री श्री सिंह का आगमन होगा। प्रभारी मंत्री गोल्फ व्यू होटल में रात्रि विश्राम करेंगे।



भगवान जगन्नाथ को कराया महास्नान, 15 दिनों तक औषधियों से किया जाएगा भगवान का उपचार

# पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई मां नर्मदा में आस्था की डुबकी, किया दान-पुण्य





**जागरण, नर्मदापुरम।** ज्येष्ठ माह के शुल्क पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर सेठानी घाट सहित अन्य नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान दरिद्रनारायणों को श्रद्धालुओं द्वारा दान पुण्य किया गया और भगवान सत्यनारायण की कथा का आयोजन घाटों पर किया गया।

वहीं पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ गए अब भगवान का आयुर्वेद पद्धति से उपचार शुरू कर दिया गया है। स्वस्थ होने के बाद भगवान जगन्नाथ 27 जून को अपनी प्रजा का हाल जानने के लिए रथ से निकलेंगे। नगर के प्राचीन जगदीश मंदिर में जगन्नाथपुरी की भांति ज्येष्ठ पूर्णिमा उत्सव हर वर्ष मनाया जाता है। इस दौरान ज्येष्ठ पूर्णिमा पर मंदिर में भगवान जगन्नाथ का महास्नान कराया गया। मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भगवान कृष्ण, बलदाऊ, एवं सुभद्रा बीमार हो जाते हैं।

### मां नर्मदा भोग सेवा समिति ने बांटी खिचड़ी



माँ नर्मदा भोग सेवा समिति ने सेठानी घाट स्थित श्रीराम जानकी मन्दिर पर नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसादी वितरण किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर स्नान एवं दान का महत्व है। इस दौरान संरक्षक हंस राय, अध्यक्ष विवेक चौकसे, लवलेश शर्मा, डॉ शुभम, रितेश शर्मा, योगेश राठौर, प्रथम सोनी, चिंटू राठौर,श्याम नायक, अनमोल चौकसे, सुमित, सौरभ, साजन हेमनानी, प्रकाश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित थे।

### महास्नान के साथ जगन्नाथ जन्मोत्सव आरंभ

बुधवार को पूर्णिमा के अवसर पर महा स्नान के साथ अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाडा में भगवान जगन्नाथ का जन्मोत्सव आरम्भ हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। पूरा गांव जय जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंजायेमान रहा। प्रातः सबसे पहले भगवान के स्नान के लिए पूजा अर्चना ने बाद नर्मदा जल लाया गया। उसके उपरांत ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा द्वारा भगवान की विशेष पूजा की गई। फिर भगवान को मंदिर से पंडाल में लाया गया। इस दौरान ठाकुर राजा ने सोने की झाडू से भगवान की राह को साफ किया। उसके पश्चात ओडिशा से पधारे विद्वान रश्मि रंजन पाणी और अन्य ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ बलभद्र, सुभद्रा, भगवान जगन्नाथ और सुदर्शन चक्र के औषधि युक्त जल से स्नान कराए गए। स्नान के बाद भगवान का गजानन श्रृंगार किया गया। आरती भोग के बाद शाम तक भगवान के भक्तों की दर्शन दिए। शाम को आरती के बाद भगवान अस्वस्थ होने के कारण विश्राम में चले गए। भगवान के मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि अब भगवान स्वस्थ होने के बाद 27 जून को नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर जाएंगे। इसके लिए मालाखेड़ी स्थित स्वयंवरम गार्डन को गुंडीचा भवन बनाया जा रहा है। यहां भगवान 5 जुलाई तक रहेंगे।



# कांग्रेस के आंदोलन में शामिल होंगे पटवारी



**जागरण, सोहागपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को मूंग खरीदी के प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। जानकारी अनुसार पटवारी गुरुवार को भोपाल से शोभापुर पहुंचेंगे तथा शोभापुर से सोहागपुर मूंग खरीदी की मांग को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए की जा रही पदयात्रा में शामिल होंगे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सोहागपुर पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पुराने थाने के पीछे स्थित झांसी की रानी लक्ष्मीबाई मंच पर एक आमसभा को भी संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा मूंग में पेस्टिसाइड्स की मात्रा को अधिक बताते हुए मूंग खरीदने से इनकार के कारण मूंग बुवाई वाले सभी जिलों में मूंग खरीदी की मांग को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। मध्य प्रदेश शासन के एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जारी उक्त बयान के बाद किसानों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है क्योंकि उक्त बयान के आते ही मंडी में मूंग खरीदी के दामों में खासी गिरावट दर्ज की गई है। दूसरी तरफ सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा किसानों को मंडी में मूंग बेचने संबंधी परामर्श देने के बाद किसानों का आक्रोश चरम सीमा पर पहुंच गया है। राज्य सरकार द्वारा मूंग नहीं खरीदने संबंधी झमेले में केंद्रीय कृषि मंत्री एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित क्षेत्रीय सांसद श्री चौधरी सोशल मीडिया पर पूर्व में दिए गए पूर्व में दिए गए बयानों को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल किए जा रहे हैं।

### मूंग खरीदी नही होने से जिले के किसान नाराज

सरकार द्वारा मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर न किए जाने के कारण जिले के किसान इन दिनों बेहद परेशान हैं। किसानों का कहना है कि हमने लागत लगाकर मूंग की बोवनी की उसमें मेहनत की धन लगा। यदि सरकार पहले ही बता देती कि इस बार मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर नही की जाएगी तो किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना नही करना पड़ता। अब किसानों की मांग है कि सरकार इस वर्ष समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी जरूर करे।

### नपाध्यक्ष यादव ने किया सफाई अभियान का निरीक्षण, तेजगति से कार्य करने के निर्देश



**नर्मदापुरम।** नगरीय क्षेत्र में बारिश पूर्व बड़े नाले नालियों की साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को वार्ड 17 में चल रहे सफाई कार्य का जायजा लेने नपाध्यक्ष नीतू यादव वार्ड में पहुंची। उन्होंने जेसीबी के माध्यम से सफाई कर रहे कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य तेजगति से करें जिससे समय रहते यह नाला साफ हो जाए। ध्यान रहे कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के निर्देश पर बारिश पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों का स्वच्छता अभियान चलाया जाता है।

## विधायक ने ग्रामीणों को वितरित किए प्रेशर कुकर और गैस चूल्हे



**जागरण सोहागपुर।** वन ग्राम उरदौन में विधायक विजयपाल सिंह ने बुधवार को आदिवासी ग्रामीणों को एलपीजी गैस एवं प्रेशर कुकर का वितरण किया। इस दौरान ग्रामवासियों को एलपीजी गैस एवं प्रेशर कुकर की महत्वत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में डीएफओ मयंक सिंह गुर्जर, एसडीएम अनिल जैन, एसडीओ मढ़ई अंकित जामोद, यशवंत पटेल, आकाश रघुवंशी, अश्विनी सरोज, रेंजर दुर्गेश सिंह बिसेन, सीईओ संतोष अग्रवाल, उप महाप्रबंधक मुलाजदा आदि मौजूद रहे। विधायक विजयपाल सिंह ने पलकमती नदी में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए।

### शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों ने दिया परामर्श

**जागरण, नर्मदापुरम।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कमिश्नर कार्यालय में बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अधिकारी और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें नेत्र जांच, ईसीजी जांच, ब्लड सैंपल, टीबी स्क्रीनिंग और चेस्ट एक्स-रे जैसी विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गईं। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. रिचा गौर (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ. अनीता मसराम (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शिल्पा सिंह, डॉ. लवीना और डॉ. बसंत कुमार डीआरपी चिकित्सक शामिल थे। नर्सिंग स्टाफ से निधि पटवा, नितेश फार्मासिस्ट, विशेष दुबे डीपीसी विक्रम पटेल एसटीएलएस, श्याम सराठे टेक्नीशियन, वर्षा शर्मा रेडियोग्राफर, राहुल राय, जीवन कटारे ने भी शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों सहयोग मिला।

## नगर परिषद ने रेवा बनखेड़ी मार्ग से हटाया अतिक्रमण



**जागरण, सोहागपुर।** नगर परिषद की राजस्व टीम द्वारा ग्राम रेवाबनखेड़ी पहुंच मार्ग के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई है। एसडीएम अनिल जैन ने बताया कि बारिश पूर्व नाले नालियों की सफाई भी होना है जिन पर भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इसके अतिरिक्त सड़क पर भी लोगों ने अपने निर्माण कर रखे हैं। कुछ लोगों ने दुकानें इत्यादि स्थापित कर ली है जिससे यातायात बाधित होता है।

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराना स्थानीय प्रशासन का दायित्व है। इसी दिशा में अतिक्रमण हटाओ महिम शुरू की गई है जो आगे भी जारी रहेगी। बुधवार को एक्सचेंज के पास रेवा बनखेड़ी मुख्य मार्ग के दोनों ओर से लगभग 20 से 25 टीन शेड सहित दुकानें हटाई गई। अतिक्रमणकारियों को शासकीय भूमि पर किए गए रहवासी अतिक्रमण को हटाने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम भी दिया गया है। शुक्रवार को यहां फिर से अतिक्रमण हटाने का काम अमले के द्वारा किया जाएगा।

नप राजस्व शाखा प्रभारी संजय परसाई ने बताया कि एसडीएम अनिल कुमार जैन के निर्देश पर शहर को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू की गई है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार एवं प्रभारी सीएमओ रामकिशोर झरबड़े, नायब तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहित पुलिस विभाग एवं नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पटवा लाइन के नाले से आज हटेगा अतिक्रमण

**नर्मदापुरम।** बाजार में लगातार अतिक्रमण हटाकर नाले नालियों की सफाई की जा रही है। बुधवार को स्वच्छता टीम द्वारा बाजार क्षेत्र में की नाली पर दुकानदारों द्वारा बनाए गए रैंप को तथा उनके ऊपर रखे पत्थर आदि हटाने की समझाइश दी। स्वच्छता उपनिरीक्षक संजय लुटारे ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश तथा व्यापारीगणों की सहमति से बाजार क्षेत्र के नाले नालियों से अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। बुधवार को पटवा लाइन के नाले नालियों पर बनाए गए रैंप को हटाने की समझाइश दी गई। गुरूवार को रैंप नहीं हटाए गए तो अतिक्रमण टीम द्वारा जेसीबी की मदद से हटाया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित दुकानदार की होगी।

### छोटी बजरिया क्षेत्र से नपा ने हटाया अतिक्रमण



**नर्मदापुरम।** वार्ड क्रमांक 06 छोटी बजरिया क्षेत्र में बने शासकीय पार्क के सामने से नगरपालिका की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया गया है। साथ ही दोबारा अतिक्रमण न करने की समझाइश दी गई है, एवं हिदायत दी गई की दोबारा अतिक्रमण किया तो जुर्माना भी लगाया जाएगा। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि कुछ समयपूर्व वार्डवासियों द्वारा सीएमओहेमेश्वरी पटले को ज्ञापन के माध्यम से अतिक्रमण की समस्या से अवगत कराया गया था। वर्षों पूर्व किए गए अतिक्रमण को नपा के अतिक्रमण दल द्वारा हटा दिया गया है। अतिक्रमण हटाने पर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## नर्मदांचल पत्रकार संघ ने दी धर्मेंद्र चौबे को श्रद्धांजलि



**जागरण, नर्मदापुरम।** वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र चौबे के असमय निधन से पत्रकारिता जगत में शोक व्याप्त है। बुधवार को नर्मदांचल पत्रकार संघ के कार्यालय में पत्रकार साथियों ने दिवंगत धर्मेंद्र चौबे को याद कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इसमें संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, राजेंद्र ठाकुर, शैलेन्द्र कौरव, रामभरोस मीना, बलराम शर्मा, महेश चौकसे, मनोज चौरे, अधिवक्ता संघ सचिव मनोज जराठे, केडी त्रिपाठी ने दिवंगत श्री चौबे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए श्री चौबे के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। सभा का संचालन विजय कुंभारे ने किया। इस अवसर पर स्थानीय पत्रकारगण के साथ श्री चौबे के परिजन उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक | कमिश्नर ने ली विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की

## कमिश्नर ने दिए अमानक खाद बीज के विक्रेताओं पर कार्रवाई के निर्देश



**जागरण, नर्मदापुरम।** कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को किसान कल्याण एवं कृषि विभाग सहकारिता विभाग, जिला मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला उद्यानकी विभाग एवं मार्कफेड विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग के अधिकारी अमानक खाद बीज के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजें एवं अमानक खाद बीज का विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरोध सख्त एवं प्रभावशील कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि विभाग मृदा परीक्षण लैब में सॉइल टेस्टिंग दिए गए लक्ष्य के अनुरूप समय सीमा में पूरा करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण किसानों को मूंग की बजाय मक्का की फसल लगाने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करें। किसानों को कमांड एरिया के आसपास मक्का लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। नदी के किनारे मक्का की पैदावार एवं क्षमता ज्यादा होती है। कमिश्नर ने कहा कि मक्का की फसल लगाने से मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ेगी। भूमि को भी रेस्ट मिलेगा।

**डीएपी का विकल्प है टीएसपी एवं यूरिया बैग :** उपसंचालक कृषि जेआर हेडाऊ ने बताया कि डीएपी का सबसे बेहतर विकल्प टीएसपी प्लस आधा बोरी यूरिया बैग है। इसको मिलाने से 46 प्रतिशत फास्फोरस, 23 प्रतिशत नाइट्रोजन मिलेगा।

### सभी सहकारी बैंक राजस्व वसूली की गति बढ़ाएं

कमिश्नर ने सभी सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए की वह राजस्व वसूली की गति बढ़ाएं। साथ ही राजस्व वसूली में सहयोग करने वाले राजस्व अधिकारियों को क्रिस्प योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि भी देवे। कमिश्नर श्री तिवारी ने राजस्व वसूली करने के पश्चात वसूली राशि बैंक में जमा ना करने की कतिपय शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तीनों जिलों के डीआरसीएस को निर्देश दिए कि वह यह सुनिश्चित करें कि अधीनस्थ कर्मचारी वसूली की राशि बैंक में जमा करें ऐसा न करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर की कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन में कुछ प्रकरण ऐसे भी लगे हैं जहां पर हितग्राहियों का कहना है कि उन्होंने ऋण राशि की किस्त कर्मचारियों को दे दी थी लेकिन कर्मचारियों ने उक्त राशि बैंक में जमा नहीं की। कमिश्नर श्री तिवारी ने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की नर्मदापुरम संभाग में 27 स्मार्ट फिश पार्लर बनाए जाने हैं। नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल में क्रमशः 9-9 फीस पार्लर बनाए जाने हैं, इसके लिए उन्होंने स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। बताया गया कि स्मार्ट फिश पार्लर बनाने के लिए कुछ स्थान चिन्हित किया गया है। इसके लिए शासन से बजट भी मिल चुका है। 10 बाय 10 की जगह मैं 5 लाख रुपए की राशि की यूनिट डालनी है। स्मार्ट फिश पार्लर में पानी की, फ्रिज की एवं बैठने की व्यवस्था रहेगी। चलित पशु उपचार एंबुलेंस 1962 का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए गए।

## न्यूज कार्नर

### हस्ताक्षर अभियान चलेगा आज

**जागरण, इटारसी।** शहर में विश्व बाल मजदूरी विरुद्ध दिवस पर नर्मदापुरम जिला प्रशासन के श्रम विभाग द्वारा हस्ताक्षर अभियान 12 जून गुरुवार को आज शाम 4 बजे से 5 बजे तक जय स्तंभ चौक पर चलाया जाएगा। बाल मजदूरी के विरुद्ध जिला श्रम विभाग के द्वारा चलाए जा रहे हैं इस हस्ताक्षर अभियान में शहर के नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई।

### दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई



**जागरण, इटारसी।** शहर के रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग पर गुरुद्वारा के सामने बुधवार की शाम करीब 5 बजे दो मोटरसाइकिल सवार तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए आपस में टकरा गए। इस सड़क दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने उनकी मदद की। हालांकि इस सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार घायल हुए हैं इसकी जानकारी नहीं मिल सकी।

### मंडी गेट के सामने सड़क पर गिरा पेड़

**जागरण, इटारसी।** खेड़ा स्थित कृषि उपज मंडी गेट के सामने दो दिनों से सड़क किनारे लगा पेड़ हवा से गिर गया है। पेड़ सड़क पर आड़ा हो गया है। जिससे राहगीरों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात के समय इस पेड़ के कारण राहगीरों के साथ दुर्घटना होने का खतरा मंडरा रहा है। मौसम बदलाव के चलते बीते कुछ दिनों से तेज हवा चलने की वजह से पेड़ गिर रहे हैं।

गर्मी में जलसंकट को देखते हुए ग्राम सोनासांवरी में दिया था पानी, चार दिनों से पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

# नल-जल योजना की मोटर जली, 3 सौ परिवार पेयजल से वंचित

**जागरण, इटारसी।** ग्राम सोनासांवरी की नल-जल योजना से करीब तीन सौ परिवारों को ग्रीष्मकाल में पानी की समस्या देखते हुए योजना के ट्रायल पीरियड में पानी देना प्रारंभ कर दिया था। हालांकि अभी यह ग्राम पंचायत को हैंडओवर नहीं हुई है, लेकिन गांव को पानी मिले, इसके लिए इसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बतौर ट्रायल प्रारंभ किया था। घंटों पानी चलने से मोटर जल गई और जितना पानी मिलता था, वह भी बंद हो गया। इससे करीब तीन सौ परिवार प्रभावित हुए हैं। आज बुधवार को नल जल योजना से पानी मिलना बंद हुए चार दिन हो गये हैं। गुरुवार तक समस्या का समाधान होने का भरोसा ग्राम पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दिला रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि मोटर गुरुवार तक आ जाएगी, फिर से ग्रामीणों को पीने के लिए पानी मिलने लगेगा।



अभी इस योजना का काम शेष है, इनमें नल कनेक्शन देना शामिल है। बावजूद इसके ग्राम पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने समन्वय करके जनप्रतिनिधियों की सहमति से गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशान न होना पड़े, इसे चालू कर दिया था। गर्मी भर गांववालों को इससे अच्छा पानी मिला। अभी तीन दिन पहले अचानक मोटर जल जाने से पानी का संकट उत्पन्न हो गया। अधिकारियों का कहना है कि मोटर दुरुस्त होने में वक्त लगता है। संभवतः गुरुवार को मोटर डालकर इसे दोबारा चालू कर दिया जाएगा।

### मॉनिटरिंग और आपरेटिंग की जिम्मेदारी पंचायत की

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने योजना पर काम किया है। इसकी मॉनिटरिंग और आपरेटिंग हैंडओवर होने के बाद ग्राम पंचायत को ही करना है। सोनासांवरी ग्राम में वर्तमान में भी पानी देने का काम और मॉनिटरिंग आपसी सहमति से ग्राम पंचायत ही कर रही थी। पीएचई अधिकारियों का मानना है कि लगातार चलने या किसी तकनीकि कारण से मोटर जली है, जल्द ही इसमें सुधार कराके ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। पंचायत सचिव कहते हैं कि आज शाम तक मोटर आ जाएगी, संभवतः गुरुवार तक पानी देना प्रारंभ किया जा सकेगा। हालांकि अभी यह योजना ग्राम पंचायत को हैंडओवर नहीं हुई है, ग्रामीणोंजनों को पानी मिले, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ट्रायल प्रारंभ किया था।

मोटर जली है, एक या दो दिन में मोटर में सुधार हो जाएगा, किसी तकनीकि कारण से मोटर जली है, सरपंच से बात हो गयी है, जल्द ही मोटर डालकर चालू करने का उन्होंने कहा है।

**○ एके शर्मा, सब इंजीनियर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी नर्मदापुरम**

फिलहाल योजना का संचालन पीएचई ही कर रही है, अभी काम बाकी है, गर्मी को देखते हुए लोगों को पानी देना शुरू किया था, मोटर जलने से समस्या आयी है, गुरुवार को चालू कर देंगे।

**○ संतोष झिंझोरे, सचिव ग्राम पंचायत सोनासांवरी**

# आएदिन हो रही बिजली कटौती, गर्मी से नागरिक हलाकान

**जागरण, इटारसी।** पिछले तीन दिनों से तापमान में अचानक बढ़ोतरी होने की वजह से शहर भर में जहां-तहां ट्रांसफार्मर में तकनीकी खामियां आ रही है। जिसके चलते बीती रात नरेंद्र नगर में ट्रांसफार्मर में से चिंगारी निकली इसके बाद उसे पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। जो की देर रात बमुश्किल बहाल हो सकी। इतना ही नहीं मालवीयगंज क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे गणेश नगर कॉलोनी के पास मुख्य मार्ग पर ट्रांसफार्मर में धमाका जैसी आवाज हुई। इसके बाद मालवीयगंज क्षेत्र के बसीगत वाले बड़े हिस्से की बिजली गुल हो गई। इसके बाद विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय सूचना दी गई और विद्युत वितरण टीम के द्वारा ट्रांसफार्मर को बदल दिया गया। इसके बाद मालवीयगंज एवं आसपास के क्षेत्र में दोपहर करीब 2:30 बजे के बाद बिजली व्यवस्था सुचारू हो सकी। इसके अलावा भी शहर के अनेक स्थानों पर भी दिन और रात में कभी भी बिजली उपकरणों में तकनीकी खराबी आने की वजह से बिना बताए ही लंबे समय के लिए बिजली की कटौती कर ली जाती है जिससे आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बुधवार को भी मेंटनेंस कार्य के लिए मालवीयगंज, न्यास कालोनी, एलकेजी, सोनासांवरी नाका क्षेत्र के साथ ही अन्य क्षेत्रों में सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक घोषित कटौती की गई। लेकिन कटौती का समय बढ़ गया, कि बमुश्किल डेढ़ बजे के बाद विद्युत सुविधा बहाल हो सकी। गर्मी के मौसम में भीषण गर्मी से लोग हलाकान हो रहे हैं। लेकिन शहर भर में विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही पूर्ण मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की कारगुजारियों के चलते दिन और रात बेवजह बिजली कटौती की जा रही है जिससे लोगों का सुकून छिन गया है। शहर में विद्युत वितरण कार्यालय के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर घटिया कार्य के कारण रात दिन की बिजली कटौती से लोग परेशान हो रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ गई है। लेकिन आने वाले बिजली के बिल की राशि बिजली उपभोक्ता के द्वारा समय पर निर्धारित तिथि में भुगतान नहीं की जाती है तो विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों की टीम बिजली का बिल जमा न करने वाले उपभोक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली लाइन काट दी जाती है।

# लालन-पालन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



**जागरण, इटारसी।** आज बुधवार को शहरी ब्लॉक इटारसी में लालन-पालन विषय पर मनोवैज्ञानिक जिज्ञासा, अंशिका, एडीसी निशा प्रणामी, आदर्श मिश्रा, सुपरवाइजर दीप्ति दुबे, सुपरवाइजर रिसर्च अस्सिटेंट इशिता गर्ग, साक्षी यादव इंटर्न ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। जहां संभव हो सका, सभी विषयों को प्रशिक्षण में शामिल करने का प्रयास किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कोई बड़ी चुनौतियां नहीं आईं, लेकिन कुछ छोटी-छोटी बातों पर टीम का ध्यान देना आवश्यक है, जैसे प्रशिक्षण की तैयारी, समय प्रबंधन, व्यवस्थापन, प्रस्तुति कौशल एवं विषय की जानकारी आदि। यह एक पायलट प्रशिक्षण था, जिससे कई बातें सीखने को मिलीं। इटारसी की सीडीपीओ इंचार्ज श्रीमती दीप्ति शुक्ला, सुपरवाइजर श्रीमती अर्चना बस्तावर, श्रीमती पूनम मौर्य, श्रीमती मीना गांठले, श्रीमती राखी मौर्य, ब्लॉक कॉर्डिनेटर सुश्री हिना खान ने इस ईसीडी प्रशिक्षण को सफल बनाने में सहयोग और मार्गदर्शन दिया। आज के प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सं या 20 रही। इस प्रकार, आज का प्रशिक्षण डॉ. वंदना शुक्ला के सहयोग से हुआ।

### 12 मरीजों के होंगे मोतियाबिंद के आपरेशन

**जागरण, इटारसी।** बाबा गोदड़ी वाला धाम एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के सहयोग से सेवा सदन आंख जांच केंद्र गली नंबर एक सिंधी कॉलोनी द्वारा 11 जून को निःशुल्क आंखों की जांच ग्राम पंचायत रामपुर में की गई। यहां 52 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान 12 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए। जिनको 15 जून को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय विशेष बस द्वार बैरागढ़ भेजा जाएगा।

# कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी आज किसान अधिकार यात्रा में होंगे शामिल

**जागरण, इटारसी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को नर्मदापुरम जिले में रहेंगे। वे यहां करणपुर से सोहागपुर किसान अधिकार यात्रा में शामिल होंगे तथा सभा को भी संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर सरकार से मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी कराने और पंजीयन के लिए विगत कई दिनों से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेसी किसान अधिकार यात्रा के माध्यम से सरकार से मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी 12 जून दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे जिले में आएंगे।

पीसीसी अध्यक्ष पटवारी के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी सुखदेव पांसे, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय करणपुर पहुंचेंगे। जिले के सभी मोर्चा संगठन एवं प्रकोष्ठ युवक कांग्रेस सेवादल महिला कांग्रेस एनएसयूआई एवं कांग्रेस के सभी सदस्यों से जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में करणपुर पहुंचें और इस यात्रा को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

कार्यालय ने कार्य प्रगति की दी जानकारी

# वरिष्ठ नागरिक संघ ने किया सुंदर कांड पाठ का आयोजन



**जागरण, इटारसी।** वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी के संरक्षक शिक्षाविद एपी चौधरी के 88 वें जन्मदिन पर संगठन ने सुंदरकांड पाठ आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया।

वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों ने चौधरी का शॉल-श्री फल, पुष्पहार गुलदस्ते से सम्मान किया। अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने बताया कि इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा भी शामिल हुए और अपनी ओर से बधाई शुभकामना दी। विधायक ने एक आदर्श शिक्षक के रूप में शहर और क्षेत्र को उनके योगदान पर भी विचार रखे तथा संघ को आवंटित होने वाले कार्यालय के कार्य की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर संघ सचिव जीडी पाटिल, केएन तिवारी, शिव नारायण चौधरी, डॉ अनिरुद्ध कुमार शुक्ला, एसपी तिवारी, एमएल पटेल, संतोष दीवान, राजेंद्र दीवान, आरके पांडे, आरसी वर्मा, एसएस चौधरी, राजेंद्र दीक्षित, मनोहर उपाध्याय, टीआर चोलकर के अलावा बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।

# 24 घंटे में रामपुर पुलिस ने तलाशी चोरी गई मोटरसाइकिल, चोर गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** थाना रामपुर पुलिस ने ग्राम सनखेड़ा के बाजार चौक से चोरी हुई मोटर सायकिल 24 घंटे में तलाश कर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। 10 जून 2025 को मुकेश पिता रामविलास दुलारे, 46 साल निवासी बम्हनगांव खेड़ी थाना डोलरिया ने रिपोर्ट की थी कि 7 जून को वह ग्राम सनखेड़ा में मेरी रिश्तेदारी में शादी थी, उस शादी में शामिल होने ग्राम सनखेड़ा आया था।

ग्राम सनखेड़ा के बाजार चौक में सभी बारातियों के वाहन के साथ मेरी मोटरसायकिल क्रमांक एमपी 04 एनएक्स 1350 एचएफ डीलक्स खड़ी करके शादी वाले घर में चला गया। बाद कार्यक्रम करीब 01/30 बजे रात्रि में मेरी मोटरसाकिल के पास बाजार चौक आया, देखा मेरी मोटर सायकिल नहीं दिखी। आसपास तलाश किया तो पता नहीं चला। दो दिन तक आसपास तलाश करते रहा। रिपोर्ट पर थाना रामपुर गुर्रा में अपराध क्रमांक 73/2025 धारा 303(2) बीएनएस का दर्ज कर विवेचना में लिया।



उक्त प्रकरण में एसपी नर्मदापुरम डॉ. गुरुकरण सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा के द्वारा तत्काल थाना रामपुर गुर्रा में एक टीम गठित कर उक्त चोरी की गई वाहन की पतारसी हेतु लगाया। थाना रामपुर गुर्रा पुलिस टीम की तत्परता से एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदेही देवकुमार उर्फ अक्कू पिता शंकरलाल उईके उम्र 19 साल निवासी नागपुर कलॉ थाना पथरोटा से सख्ती से पूछताछ की जिसने बताया कि कमल पिता रामदास बामने उम्र 35 साल निवासी सनखेड़ा के साथ उक्त मोटर सायकल चुराई।

देवकुमार उर्फ अक्कु उईके ने नंबर प्लेट नंबर प्लेट तोड़कर बड़ी नहर किनारे झाड़ियों में फैक दी। मोटर सायकल को सोमलवाड़ा खुर्द के आगे बड़ी नहर किनारे झाड़ियों में छुपाकर रखा। दोनों ही आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर मोटर सायकिल बरामद की। उपनिरीक्षक विपिन पाल थाना प्रभारी थाना रामपुर गुर्रा, सहायक उपनिरीक्षक गणेश पवार, आरक्षक मनोज कडोपे, रितेश यादव, संदीप धुर्वे, पवन मेहरा, प्रधान आरक्षक उमेश रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# खेड़ा क्षेत्र में जेसीबी से की बड़े नालों की विशेष साफ सफाई

**जागरण, इटारसी।** शहर में वर्षाकाल आने के पूर्व नगर पालिका कार्यालय के द्वारा विशेष साफ सफाई अभियान स्वच्छता शाखा टीम के द्वारा विभिन्न स्थानों पर बड़े नालों की सफाई की जा रही है। जिससे कि बरसात के मौसम में तेज बारिश की स्थिति में जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

शहर में नपा कार्यालय के द्वारा स्वच्छता शाखा की टीम के द्वारा खेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में बड़े नालों की विशेष साफ सफाई जेसीबी मशीन की मदद से कराई गई है। जिससे कि उन क्षेत्रों में वाले

बसीगत वाले क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाले बड़े नालों की विशेष साफ सफाई वर्षा कल के पूर्व स्वच्छता शाखा की सफाई टीम के द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से कराई जा रही है इस दौरान शहर के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों के बड़े नालों की विशेष साफ-सफाई कराई गई है। आगामी दिनों में प्रमुख बड़े नालों की साफ-सफाई का कार्य किया जाएगा।

### बैठक में सुरक्षा सहित अन्य विषयों पर चर्चा

**जागरण, इटारसी।** बुधवार 11 जून को शासकीय सांदीपनि विद्यालय इटारसी में ट्रांसपोर्ट समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान बसों में सेंट्रलाइज मॉनिटरिंग के लिए जीपीएस, कैमरे की लाइव फीडिंग, बसों के फिटनेस, परमिट, पीयूसी एवं बीमा को अपडेट करना, अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार, पेयजल व्यवस्था आदि पर चर्चा हुई। बैठक में निर्देश दिए कि सभी चालक एवं परिचालक को प्राथमिक उपचार करने, अग्निशामक यंत्र को चलाने के लिए प्रशिक्षित किया जाए तथा सभी को आईडी कार्ड व ड्रेस कोड का पालन करना अनिवार्य किया।

# छात्राओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के आवेदन 14 तक

**जागरण, इटारसी।** जनजातीय कार्य विभाग मप्र अंतर्गत स्पेशल एंड रेसीडेंसियल एकेडमिक सोसायटी म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर, पवारखेड़ा जिला-नर्मदापुरम् स्थित आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षाओं 7वीं, 8वीं, 9वीं, 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आगामी 14 जून तक भरे जा सकेंगे।

प्रवेश के लिए छात्राएं एवं उनके अभिभावक आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त कर अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा स्थानीय स्तर पर 16 जून को विद्यालय में आयोजित की जाएगी। प्रवेश में सीबीएसई बोर्ड अध्ययनरत अभ्यार्थी को प्रवेश में प्राथमिकता दी जाएगी। केवल अनुसूचित जनजातीय वर्ग की छात्राएं ही आवेदन कर सकेंगी। विद्यार्थी की एमपीटीएएसएस प्रोफाइल पंजीयन अनिवार्य है। रिक्तियों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। रिक्त सीटों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि हो सकती है।

**समस्या** | जलसंकट से निजात पाने प्रभावित क्षेत्रों के लोग कर रहे बारिश का इंतजार

# जून माह में भी जलसंकट बरकरार, टैंकरों से हो रही कई क्षेत्रों में जलापूर्ति, धूप में पानी भरने को मजबूर बुजुर्ग-बच्चे

**जागरण, इटारसी।** गर्मी के मौसम में जून माह के पहले पखवाड़े में भी तीन दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है वहीं गर्मी के मौसम में जून माह में भी विभिन्न वार्ड क्षेत्र में जल संकट बरकरार है। और ऐसे प्रभावित क्षेत्रों में नगर पालिका कार्यालय की जल शाखा के द्वारा टैंकरों को भेज कर जलापूर्ति कराई जा रही है। हालांकि अब तो ऐसा लग रहा है कि बरसात के मौसम प्रारंभ होने पर ही जल संकट से शहर वासियों को निजात मिल पाएगी।

शहर में गर्मी के मौसम में लंबे समय से अनेक वार्ड क्षेत्र में जल संकट बरकरार है। इतना ही नहीं जिन क्षेत्रों में जलस्रोत सूख चुके हैं वहां पर नपा द्वारा टैंकर को भेज कर जलापूर्ति करवाई जा रही है। लेकिन वह लोगों की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त साबित नहीं हो पा रही है। देखने में आ रहा है कि गर्मी के मौसम में लंबे समय से शहर के विभिन्न



वार्ड क्षेत्र जिन में प्रमुख रूप से पुरानी इटारसी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 5 और न्यास कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 12, 13, 14 सोनासावरी नाका क्षेत्र के 16 एवं 17 के साथ ही नाला मोहल्ला क्षेत्र में भी जलसंकट के चलते रोजाना टैंकर फेरे लगाकर सुबह से लेकर देर शाम तक पानी की आपूर्ति का कार्य कर रहे हैं। हालांकि अब जून माह का पहला पखवाड़ा चल रहा है। लेकिन नौतपा समाप्ति के बाद भी तीन दिनों से लगातार भीषण गर्मी में लोग बेहाल है। वही जलसंकट से प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर पानी की आपूर्ति करवाई जा रही है। लेकिन बरसात का मौसम शुरू होने के बाद ही जलसंकट से शहर वासियों को निजात मिल सकती है।

### पानी की योजनाएं गर्मी में हुई ध्वस्त

नगरीय प्रशासन के द्वारा लोगों को बेहतर पानी की सुविधा देने के लिए योजनाएं संचालित की गई, लेकिन पानी टैंकर से ही मिला। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि यह योजनाएं धरी की धरी रह गई। वहीं पानी के लिए ट्यूबवेल भी उपयोगी साबित नहीं हुए। भू जलस्तर गिरने से ट्यूबवेल ने भी दम तोड़ दिया।

# हर शनिवार, सोमवार इटारसी आएगी नई साप्ताहिक एक्सप्रेस

**जागरण, इटारसी।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत की जा रही है। गाड़ी संख्या 014622/014621 फिरोजपुर कैंट - हजूर साहिब नांदेड - फिरोजपुर कैंट साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 13 जून से प्रत्येक शुक्रवार को फिरोजपुर कैंट से तथा 15 जून से प्रत्येक रविवार को हजूर साहिब नांदेड से शुरू किया जाएगा।

गाड़ी संख्या 014622 फिरोजपुर कैंट - हजूर साहिब नांदेड साप्ताहिक एक्सप्रेस फिरोजपुर कैंट स्टेशन से हर शुक्रवार को दोपहर 13:25 बजे प्रस्थान करेगी। मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए यह गाड़ी अगले दिन सुबह 06:15 बजे बीना, 07:10 बजे विदिशा, 08:05 बजे भोपाल, 09:55 बजे इटारसी स्टेशन पर ठहरते हुए तीसरे दिन रविवार को रात 03:30 बजे हजूर साहिब नांदेड स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 014621 हजूर साहिब नांदेड - फिरोजपुर कैंट साप्ताहिक एक्सप्रेस वापसी दिशा में यह गाड़ी हर रविवार को सुबह 11:50 बजे हजूर साहिब नांदेड से प्रस्थान कर, अगले दिन 04:35 बजे इटारसी, 06:25 बजे भोपाल, 07:18 बजे विदिशा, 09:30 बजे बीना स्टेशनों पर रुकते हुए तीसरे दिन मंगलवार को सुबह 04:40 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी।

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फरीदकोट, कोट कपूरा जं., बठिंडा जं., मनसा, जाखल, धर्मतान साहिब, जींद, रोहतक, बहादुरगढ़, शकूरबस्ती, दिल्ली सफदरजंग, फरीदाबाद, मथुरा जं., आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, मनमाड, औरंगाबाद, जालना, सेलू, परभणी, पूर्णा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में कुल 22 डिब्बे होंगे जिनमें 2 द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी, 4 तृतीय वातानुकूलित श्रेणी, 3 तृतीय वातानुकूलित इकोनॉमी श्रेणी, 7 शयनयान (स्लीपर) श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति प्रीती अग्रवाल पत्नी स्व. श्री नीलेश अग्रवाल उम्र 55 वर्ष निवासीः वार्ड नं 32 सुभाषगंज, इटारसी तह. इटारसी व जिला नर्मदापुरम म.प्र. के पूर्णरूपेण एकल हक एवं स्वामित्व का खाली भूखंड जो कि नजूल क्षेत्र शहर इटारसी जिला नर्मदापुरम में स्थित शीट नं 17 प्लाट नं 8/2, रकबा 907 वर्गफुट स्थित वार्ड नं 31, आजाद नगर इटारसी इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम में स्थित है जिसे विक्रय किया जा रहा है जो कि राजस्व/नजूल अभिलेख में श्रीमति प्रीती अग्रवाल पत्नी स्व. श्री नीलेश अग्रवाल के नाम दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त वर्णित प्लाट का विक्रय अनुबन्ध कर बयाना राशि अदा कर दी है, और उक्त वर्णित प्लाट की चर्तुसीमा जिसके पूर्व में रमजान खां का मकान, पश्चिम में मीरा बाई पत्नी संतोष कुमार का रकबा उत्तर में रास्ता तथा दक्षिण में गली स्थित है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, एजेन्सी को कोई हित या आपत्ति हो तो सात दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में आकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता हैं और मेरे कार्यालय में दस्तोवजों का अवलोकन कर सकता हैं। समय व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार रजिस्ट्री निष्पादित करा लेवेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना का पालन करें, व्यर्थ विवाद से बचें।

दिनांक 09/06/2025

भवदीय
**अवधेश चौधरी** अधिवक्ता
शिवाजी नगर जमानी रोड पुरानी इटारसी
मोबा. 9827458325

## न्यूज कार्नर

### चौराहों का सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण होगा

**बैतूल।** बैतूल में वर्षों से लंबित सौंदर्यीकरण योजना अब मूर्त रूप लेने जा रही है, जिससे शहर की छवि को नया आयाम मिलेगा। शहर की खूबसूरती और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत बुधवार 11 जून को शिवाजी चौक, कारगिल चौक और अंबेडकर चौक के सौंदर्यीकरण एवं पार्किंग निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 4 बजे शिवाजी चौक से हुआ, इसके पश्चात 4-30 बजे कारगिल चौक और अंत में शाम 5 बजे अंबेडकर चौक पर भूमिपूजन संपन्न हुआ। प्रत्येक स्थल पर शहरवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों को लेकर उत्साह जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैतूल विधानसभा के विधायक हेमंत खंडेलवाल ने की, उन्होंने कहा कि इन प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण और सड़क चौड़ीकरण से नगर की दशा और दिशा दोनों बदलेगी। उन्होंने बताया कि यह कार्य केवल चौराहों का विकास नहीं, बैतूल के भविष्य को संवारने की दिशा में बड़ा कदम है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, नगरपालिका परिषद बैतूल की अध्यक्ष श्रीमती पार्वतीबाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर, पूर्व विधायक अलकेश आर्य, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए भामसं प्रतिबद्ध

**बैतूल।** लगातार बढ़ रहे वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण को लेकर भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण मंच ने मंगलवार को कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। पर्यावरण मंच के जिला संयोजक रामनारायण शुक्ला के मार्गदर्शन में सौंपे गए इस ज्ञापन में जिला प्रशासन से प्रदूषण रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाने की मांग की गई।ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री पंजाबराव गायकवाड़, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश मंसूरिया, संपत दरवाई, डॉ. गोविंद साहू, महेन्द्र प्रजापति, राजेन्द्र कनेरे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए तो स्थिति भयावह हो सकती है।

# स्वच्छ भारत मिशन घोटाला अब ठंडे बस्ते में जा रहा, जनपद सीईओ को खुलकर बचाने का प्रयास

## 13 करोड़ के घोटाले में तीन छोटे कर्मचारियों से आगे नहीं बढ़ रही कार्रवाई

**बैतूल जागरण।** जिस तरह से भीमपुर और चिचोली जनपद में स्वच्छ भारत मिशन के 13 करोड़ के घोटाले में कलेक्टर और प्रशासन एक्शन में आया था उसे देखकर लग रहा था कि कम से कम जनपद सीईओ स्तर तक गाज गिरेगी, लेकिन मामला स्वच्छ भारत मिशन के ब्लाक कार्डिनेटर और आपरेटर तक ही सीमित होकर रह गया। जबकि जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन दावा करते हैं कि इन पर कार्रवाई को लेकर कमिश्नर को प्रतिवेदन भेजा गया है। इस बात को भी एक माह से ज्यादा हो रहा है, लेकिन यह दावा भी हकीकत में खोखला नजर आ रहा है। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने लोकायुक्त तक शिकायत भी की है। पूरे मामले में घोटाले की अवधि के दौरान पदस्थ रहे जिला पंचायत सीईओ से लेकर जनपद सीईओ तक जांच होनी चाहिए, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। जानकार मानते हैं कि स्वच्छ भारत मिशन में जिला स्तर पर भी एक कोआर्डिनेटर तैनात रहता है। उसकी भी यहां कोई जिम्मेदारी तय नहीं हुई है। पूरा मामला एक ब्लाक कोआर्डिनेटर और दो आपरेटर तक सीमित कर दिया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष का कहना है कि इस मामले में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री के कार्यालय से जांच को प्रभावित किया जा रहा है। वजह यह यह है कि इस दौरान बैतूल में जिला पंचायत सीईओ रहे एमएल त्यागी मंत्री के ओएसडी है। वे ही वहां से बैठकर उस अवधि के जनपद सीईओ को बचाने का काम कर रहे हैं। वहीं दूसरा आरोप यह भी लग रहा है कि बैतूल में तैनात रहे जिला पंचायत सीईओ अभिलाष मिश्रा भी जनपद सीईओ रहे अभिषेक वर्मा को बचाने के लिए प्रयासरत है। हालांकि इस आरोप कि कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा इस पूरे मामले में जिला पंचायत में जो कमेटी बनी थी, उसमे शामिल सीनियर एकाउंट आफिसर ने भी अज्ञात कारणों से जनपद सीईओ की जिम्मेदारी तय नहीं की। जबकि तमाम भुगतान में डिजिटल सिग्नेचर जनपद सीईओ के ही है। मामले पर नजर रख रहे पत्रकार आनंद सोनी का कहना है कि जब डिजिटल सिग्नेचर के आधार पर जेएच कालेज घोटाले में दो प्राचार्यों पर एफआईआर हुई तो फिर स्वच्छ भारत मिशन में जनपद सीईओ को क्यों बख्शा जा रहा है। उनका कहना है कि इस पूरे मामले में केवल लीपापोती की गई और कहीं न कहीं कलेक्टर भी जांच को सही दिशा में नहीं ले जा पाए।

घोटाले में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते कांग्रेसी



### यह है पूरा मामला

6 मार्च को स्वच्छ भारत मिशन के एक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सिंह परिहार को किए गए कुछ संदिग्ध भुगतानों की जानकारी सामने आने के बाद ज़िला कलेक्टर और जिला पंचायत के सीईओ ने जांच के आदेश दिए थे। भीमपुर जनपद पंचायत के सीईओ ने इस पर औपचारिक जांच भी की थी। वहीं चिचोली जनपद में परिहार की तैनाती के दौरान ऐसी ही गड़बड़ियों की जांच के मौखिक निर्देश दिए गए थे। जांच में पाया गया कि परिहार ने चिचोली (2 नवंबर 2021 से 5 मार्च 2025) और भीमपुर (31 जनवरी 2023 से 24 अक्टूबर 2024) में अपने कार्यकाल के दौरान 13.21 करोड़ रुपये का अनधिकृत भुगतान करवाया था।

### एक आरोपी को मिल गई अग्रिम जमानत

इस पूरे मामले में हालात यह है कि जांच भी इस तरह से की जा रही है कि मामले को लेकर एक आरोपी कंप्यूटर आपरेटर को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत तक मिल गई है। इस तरह से अग्रिम जमानत मिलने से पुलिस की विवेचना सहित कलेक्टर की जांच कमेटी द्वारा की गई जांच पर सवाल उठ रहे हैं।

# पुराने अस्पताल की बेशकीमती जमीन पर चला प्रशासन का बुल्डोजर



**मुलताई जागरण।** नगर मे नागपुर रोड पर मस्जिद के सामने स्थित पुराने अस्पताल की बेशकीमती जमीन पर लोगो द्वारा मंदिर,घरों एवं मदरसे का निर्माण के अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था। बुधवार को जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्व, नगरपालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमित मंदिर, मदरसे एवं घरों पर बुलडोजर चलाकर नजूल शीट क्रमांक 22 के भूखंड क्रमांक 328/1 एवं 328/2 क्षेत्रफल 2884.83 एवं 222.97 वर्ग मीटर नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। हालांकि इस दौरान उक्त भूमि पर मकान बना कर रह रही महिलाओ ने विरोध भी जताया लेकिन महिला पुलिस द्वारा उन्हें संभाला गया।अतिक्रमण हटाने के लिए ऐहतिहात के तौर पर जिले भर से पुलिस बल बुलाया गया था। लेकिन थोड़े बहुत विरोध के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सफल रही।प्रशासन का कहना है की अतिक्रमण कारियो द्वारा पुराने अस्पताल की भूमि पर कई सालो से अतिक्रमण कर रखा था। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन द्वारा अतिक्रमण कारियो को 2 माह पहले ही नोटिस दिया गया था। जिसकी सुनवाई के बाद अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए थे।अतिक्रमण हटाने के एक दिन पहले मंगलवार शाम को दूसरा नोटिस जारी किया था लेकिन इस अवधि के भीतर अतिक्रमण कारियो ने अपना अतिक्रमण नहीं हटाया, जिसके चलते प्रशासन द्वारा बुधवार सुबह जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।प्रशासन द्वारा पहले शासकीय भूमि पर स्थित छोटे मंदिर को हटाया गया। प्रशासन द्वारा ज़ब शासकीय भूमि मे स्थित मकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की तो महिलाएं जेसीबी के सामने खड़ी हो गईं और विरोध करने लगीं। कुछ महिलाओं ने पत्थर उठाकर भी विरोध जताया एवं महिला पुलिस से धक्का-मुक्की भी की।लेकिन महिला पुलिस बल द्वारा उन्हें हटाकर मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई। महिलाओ का कहना है कि उन्हें मंगलवार शाम को नोटिस दिया गया और बुधवार सुबह उनका घर तोड़ने आ गए इतनी जल्दी वे रहने के लिए दूसरी जगह इंतजाम कैसे कर सकते हैं। मदरसे का अतिक्रमण हटाने के पहले मुस्लिम समाज के लोगों ने भी विरोध जताया।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियो से निवेदन किया की वे स्वयं मदरसे का अतिक्रमण हटा लेंगे जेसीबी से ना तोड़े,लेकिन प्रशासन द्वारा निश्चित समय बीत जाने के कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

### हाइवे पर मिला शव

**मुलताई/जागरण।** नेशनल हाईवे नागपुर रोड पंचवटी ढाबे के आगे चौराहे पर गुरूवार की दोपहर एक युवक गंभीर हालत में घायल अवस्था मे पड़ा मिला हैं, जिसे देखकर कुछ युवाओ ने एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया एवं नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां पर डाक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता हैं कामथ मे नागपुर हाईवे पर एक अज्ञात युवक पंचवती ढाबे के आगे चौराहे पर गंभीर अवस्था मे पड़ा हुआ था। जिसे कुछ युवको ने देखा तो निजी एम्बुलेंस से उसे नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डाक्टर ने युवक मृत घोषित कर दिया।मृतक के पास कोई दस्तावेज नहीं होने से उसकी पहचान नहीं हो पाई है।अस्पताल द्वारा थाने मे तहरीर भेजी गई है।

## सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महोत्सव

**मुलताई/जागरण।** मां ताप्ती की उदगम स्थली मुलताई मे मेला ग्राउंड पर मां ताप्ती उदगम स्थल उद्धार समिति द्वारा 12 जून से 18 जून तक सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं सूर्य महायज्ञ एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं।

महोत्सव मे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी 15 जून को पधारेगे। वहीं महामंडलेश्वर प्रबोधा नंद गिरी,धर्मचार्य सोमेश परसाई के सानिध्य मे 35 ब्राम्हणो की टोली एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज राजे मुधोजी राजे भोसले के पुत्र जय सिंह राजे गुरूवार को पधारेगे। आयोजन समिति के गोलू उघडे, मनीष माथनकर, दिनेश कालभोर, लोकेश यादव, दीपक मालवीय, शुभम पंडागरे, संदीप भार्गव, सुरेंद्र राठौड़ ने बताया कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरूवार को प्रातः 9 बजे विशाल कलश यात्रा के साथ होगा, कलश यात्रा मां ताप्ती के प्राचीन मंदिर से निकलकर ताप्ती सरोवर की परिक्रमा के नगर भ्रमण कर वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी, जहां 10 बजे से पूजन के बाद सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कार्य श्रद्धालुओं द्वारा प्रारम्भ किया जाएगा। वहीं 4 बजे पूजन के साथ प्रारम्भ होगा। वहीं प्रतिदिन 8 बजे से 12 बजे तक धर्मचार्य सोमेश परसाई के सानिध्य मे सूर्य महायज्ञ होगा। शाम 4 बजे से पूजन के बाद अभिषेक एवं प्रवचन होंगे। आगामी 15 जून की शाम जगतगुरु स्वामी श्री सदानंद सरस्वती मुलताई मुलताई पहुंचेगे,जो 16 जून की सुबह 11 बजे मां ताप्ती तट पर पूजन कर सरोवर एवं कुंडो का भ्रमण करेगे। वहीं 16 एवं 17 जून को अपने मुखारबिन्द से प्रवचन देंगे।

17 जून को मां ताप्ती की महाआरती मे शाम 7 बजे शामिल होगे, महाआरती के दौरान ताप्ती तट के सभी घाट 21 हजार गोबर के दीपो को प्रज्वलित किए जाएगे। 18 जून को स्वागत करोड़ पार्थिव शिवलिंग अभिषेक पूर्णा आहुति होंगी। महोत्सव मे प्रतिदिन 12 से 18 जून तक सुबह शाम भंडारा प्रसादी वितरित की जाएगी।आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से महोत्सव मे शामिल होने का अनुरोध किया हैं।

**सूचना प्रकाशन हेतु शपथपत्र**

मैं शाहिना शमीम उम्र 61 निवासी वार्ड क्र. 20 पटेल नगर पाथाखेड़ा तह. घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल म.प्र., शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड आदि दस्तावेज अनुसार मेरा वास्तविक नाम अंग्रेजी में SHAHINA SHAMIM एवं हिन्दी में शाहिना शमीम है। किन्तु मेरे पासपोर्ट क्र. L8152325 में मेरा नाम SHAHINA SHAMIM ANSARI दर्ज है जो कि मेरे पुराने आधार कार्ड अनुसार दर्ज किया गया था। किन्तु वर्तमान में मैंने अपना आधार कार्ड अपडेट कर अपना नाम SHAHINA SHAMIM ANSARI के स्थान पर SHAHINA SHAMIM करवा लिया है एवं इसी नाम से अपना उक्त पासपोर्ट अपडेट करने हेतु यह सूचना इस शपथपत्र के माध्यम से स्थानीय न्यूज पेपर मे प्रकाशित करवाना चाहती हूँ।

दिनांक:- 01/06/2025 शपथकर्ता
स्थान:- बैतूल pd

### अखिल भारतीय चेतना साहित्य सम्मान का भव्य आयोजन

# साहित्य विचारों की समृद्धि से उपजता है : डॉ. बिन्द्रा

**जागरण गाडरवारा ।** विगत दिनों साहित्यक संस्था चेतना के तत्वाधान में अखिल भारतीय साहित्य चेतना सम्मान का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं डॉ. पीएस बिन्द्रा वरिष्ठ साहित्यकार भोपाल डॉ ए. के. गर्ग, प्राचार्य एम आई टी कॉलेज नरसिंहपुर मिनेन्द्र डागा असि् गवर्नर रोटरी इंटरनेशनल के सारस्वत आतिथ्य में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जचलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना करेली से पधारे सुनील तन्हा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम के प्रांरभ में डॉ. मंजूला शर्मा की कृति मंजुला महारण का करतल ध्वनि के साथ विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। चेतना परिवार द्वारा कृतिकार मंजुला शर्मा का अभिनंदन शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। अपनी कृति के संबंध में मंजुला शर्मा ने बताया कि शिक्षाकर्मी के रूप में उन्होंने और उनके हजारों साथियों ने जो लड़ाई लड़ी है उस संघर्ष की दांस्तां को किताब में प्रस्तुत किया गया है ताकि उन दिनों की यादें ताजा बनी रहीं हैं। उनकी प्रथम कृति को नगेन्द्र त्रिपाठी ने सम्मान राशि भेंट कर लिया। इसके पूर्व मिनेन्द्र डागा ने अपने स्वागत भाषण में देश के विभिन्न अंचलों से आए साहित्यकारों को स्वागत करते हुए कहा कि ओशो की पावन धरा और आशुतोष राणा की जन्म भूमि साहित्यक रूप से समृद्ध और विचारशीलता के रूप में अग्रणी रही है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पी एस बिन्द्रा ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद जी का उदाहरण प्रस्ततु करते हुए कहा कि उन्होनें कहा था कि उठो जागो और तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक आपको मंजिल नहीं मिल जाती। उन्होंने कहा कि



साहित्य विचारों की समृद्धि से उपजता है। डॉ गर्ग ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में नरसिंहपुर जिले की साहित्य चेतना का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां विचारशील और कार्यशीलता के साथ साहित्य का सृजन किया जाता है यहीं कारण है कि नरसिंहपुर जिले का नाम देश में पहचाना जाता है । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि समाज संक्रमणकाल के दौर से गुजर रहा है ऐसे समय वैचारिक क्रांति की समाज को आवश्यकता है और यह वैचारिक क्रांति साहित्यकार ही लेकर आ सकते हैं। कार्यक्रम में देश के विभिन्न अंचलों से पधारे साहित्यकारों का सम्मान शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह और 3100 रुपए की नगद राशि देकर किया गया। इस वर्ष श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव स्मृति साहित्य सम्मान श्रीमती सुषमा चौहान जोधपुर राजस्थान स्व प्रेमनारायण त्रिपाठी स्मृति साहित्य सम्मान श्रीमती आभा स्वामी कोटा राजस्थान स्व रामसागर स्वामी स्मृति साहित्य सम्मान देवेन्द्र मिश्रा जबलपुर स्व् जगदीश पाटकर स्मृति साहित्य सम्मान कन्हैया साहू भाटापारा स्व. रूपराम सोनी स्मृति साहित्य सम्मान अशोक पटसारिया लिधौरा, स्व. श्रीराम साहू स्मृति साहित्य सम्मान डॉ. हस्तीमल आर्य जोधपुरए स्वण् हुल्कर सिंह कौरव स्मृति साहित्य सम्मान रामनाथ साहू मुरलीडीहए स्व. डॉ भवानी प्रसाद दुबे स्मृति साहित्य सम्मान विजय बागरी जबलपुर स्व. प्रभुदयाल खरे स्मृति साहित्य सम्मान श्रीमती वंदना सोनी जबलपुर स्व. रेवाप्रसाद नेमा स्मृति साहित्य सम्मान भाउराव महंत बालाघाट स्व. रमेश कुमार गुप्ता स्मृति साहित्य सम्मान कुमार चंदन भोपाल को प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त श्रीमती समज्ञा स्थापक को अनुराधा साझा संग्रह का सम्मान भी प्रदान किया गया । कार्यक्रम करेली नरसिंहपुर सहित जिले के विभिन्न अंचालों से पधारे साहित्यकारों भी उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में 5वीं 8वीं की पुनःपरीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूर्ण




**जागरण गाडरवारा।** बीते बुधवार को स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चीचली में कक्षा 5वी एवं 8वी की पुनः परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूर्ण हुआ। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में हुए इस कार्य में 5वी एवं 8वी वार्षिक पुनः परीक्षा की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विषयवार मूल्यांकनकर्ता शिक्षकों ने किया। मूल्यांकन उपरांत शिक्षकों ने राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि की। विदित है कि पुनः परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का बीआरसी डी के पटैल ने निरीक्षण करते हुए मूल्यांकन कर्ताओ से निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उक्त मूल्यांकन कार्य केंद्रप्रभारी प्राचार्य भूपेश ठाकुर के मार्गदर्शनए सहायक मूल्यांकन केंद्र प्रभारी सत्यम ताम्रकार एवं सुनील सोनी के सहयोग से पूर्ण किया गया। यह मूल्यांकन कार्य स्ट्रांग रूम प्रभारी गिरीश ताम्रकार सहित विषयवार हेडवैल्युअर अंतर्गत पवन विजोरिया गोविंद ताम्रकार कमलेश दूरबार बुलंद सिंह कुशवाहा लेखराम गौतम रामकुमार कौरव अजय मेहरा मन्नालाल पटले के सहयोग से पूर्ण हुआ। यह मूल्यांकन कार्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

### मुख्यमंत्री संबल योजना की अनुग्रह राशि का करेंगे सिंगल क्लिक से वितरण

**नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण. संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 13 जून को बरगी जबलपुर में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि वितरित करेंगे। उक्त कार्यक्रम का प्रदेश के सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया जायेगा। जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों के एनआईसी केन्द्रों में योजना में पंजीकृत श्रमिकों तथा हितग्राही की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण को देखने व सुनने की व्यवस्था की जायेगी। जिला मुख्यालय के एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

### नवाचारी शिक्षक के राजौरिया सम्मानित

**गाडरवारा।** रूद्र कॉलेज मैदान पर आयोजित नवप्रवेशी बच्चों के स्वागतए उत्कृष्ट शिक्षकों एवं मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में स्थानीय शासकीय पीएमश्री बालक उ मा विद्यालय ;बीटीआई द्ध स्कूल के रसायन शास्त्र विषय के नवाचारी शिक्षक के के राजौरिया को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा व परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। विदित हो कि श्री राजौरिया ने अपने विद्यालय की प्रयोगशाला को आधुनिक नवाचारो से सुसज्जित किया है जिसकी प्रशंसा अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर चुके है। श्री राजौरिया को सम्मानित किये जाने पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉ प्राचीस जैन डीईओ एम एस खानए डीपीसी आर पी चतुर्वेदीएबीईओ सुश्री सीमा डोंगरे बीआरसी संदीप स्थापक संस्था प्राचार्य सुनीता पटैल एस के मिश्रा जयमोहन शर्मा सुशील शर्मा लेखा कौरवविनय शंकर शर्मा राजकुमार अरेलेमहेश अधरुज चंद्रकांत विश्वकमाएनगेन्द्र त्रिपाठी समाजसेवी मुकेश बसेडिया राजेश दुबे मनीष शंकर तिवारीए मनमोहन शर्मा मधुसूदन पटैल सिराज अहमद सिद्धि ने प्रसन्नता जताई है।

# जिले में धरती आवा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान व प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान का होगा आयोजन

### 15 जून से 30 जून तक लगाए जाएंगे शिविर

**जागरण नरसिंहपुर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान. डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान. पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान 15 जून से 30 जून 2025 तक शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी. कर्मचारी को निर्देशित किया है कि वे अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को निर्धारित शिविर स्थलों में उपस्थित कराकर शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अधिकारी. कर्मचारी संबंधित शिविर स्थलों में उपस्थित रहकर शासकीय विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित करते हुए सेक्टर अधिकारीए नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों को कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगे। जारी आदेश के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम रोजगार सहायक द्वारा राशन कार्ड वृद्धावस्था पेंशन विधवा पेंशन ई. केवायसी दिव्यांग पेंशन मनरेगा समग्र सीडिंग उज्जवला योजना पीएम विश्वकर्मा योजना पीएमएसबीवाय प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना से संबंधित कार्य करेंगे। सीएससी के अधिकारी. कर्मचारी ई. केवायसी व आधार कार्ड व अपडेशन से संबंधित कार्य करेंगे। पटवारी द्वारा जाति प्रमाण पत्रए मूल निवासी प्रमाण पत्र केसीसी कार्ड पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित कार्य करेंगे। आशा कार्यकर्ता द्वारा आयुष्मान कार्ड टीकाकरण सिकिल रोग की पहचान परीक्षण और जागरूकता के लिए प्रचार. प्रसारए मिशन इंद्रधनुष एससीडी कार्ड एवं टीबी मफ्क्रत भारत से संबंधित कार्य करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना आईसीडीएस योजना के तहत पोषण आहार वितरण व कुपोषण की जांच से संबंधित कार्य करेंगे। संबंधित ग्राम के क्षेत्रांतर्गत आने वाले बैंकों के वीसी जनधन खाता प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना केसीसी कार्ड पीएम विश्वकर्मा योजना पीएम मुद्रा लोन स्टेंड अप इंडिया वनधन योजना से संबंधित कार्य करेंगे। कृषि विभाग के अधिकारी किसान क्रेडिट कार्ड और पशु पालन विभाग के कर्मचारी पशु केसीसी कार्ड संबंधी कार्य करेंगे। इसके अलावा जारी आदेश में संबंधित अधिकारी. कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

### विकासखंड बाबई चीचली की 22 ग्राम में लगाये जायेंगे शिविर

विकासखंड बाबई चीचली की 22 ग्रामों में धरती आबा जनजातीय उत्कृष्ट अभियान. डीएजीयूए और प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान. पीएम जनमन जागरूकत और लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किये जायेंगे। ये शिविर ग्राम पंचायत माल्हनबाड़ा इकलौनी के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम माल्हनबाड़ा इकलौनीए मानेगांवए इकलौनी व कुकलोर के लिए ग्राम माल्हनबाड़ा इकलौनी मेंए ग्राम पंचायत चारगांव खुर्द के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम गोलगांव खुर्द में ग्राम पंचायत मोहपानी के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम बड़ागांव व मोहपानी के लिए ग्राम गोटीटोरिया मेंए ग्राम पंचायत भिलमाढाना के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम छींदखेड़ा हींगपानी कोटरीए भिल्माढाना. वन व भिल्माढाना. राजस्व के अंतर्गत ग्राम भिल्माढाना मेंए ग्राम पंचायत खला के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम खला व सेसाडाबर के लिए ग्राम खला मेंए ग्राम पंचायत भैरोपुर के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम बरखेड़ा के लिए ग्राम भैरोपुर में ग्राम पंचायत पटकुही के लिए 15 जून से 30 जून तक ग्राम टुईयापानी के लिए ग्राम पटकुही में ग्राम पंचायत खड़ई के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम निभौरा के लिए ग्राम खड़ई मेंए ग्राम पंचायत सिल्हेटी के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम सिल्हेटी में ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम पिपरिया में ग्राम पंचायत ग्वारी के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम टुडनी व मुकंदा के लिए ग्राम ग्वारी में और ग्राम पंचायत बैरागढ़ के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक ग्राम पौड़ी में शिविर लगाये जायेंगे।

## न्यूज कार्नर

### 13 जून को होने वाली ग्राम चौपाल स्थगित

**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ग्राम चौपाल में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई करते हैं। इसी क्रम में 13 जून शुक्रवार को हरदा विकासखंड के मसनगांव, खिरकिया विकासखंड के मांदला और टिमरनी विकासखंड के चारखेड़ा में ग्राम चौपाल का आयोजन होना था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से ग्राम चौपाल का आयोजन स्थगित कर दिया गया है। ग्राम चौपाल आयोजन की अगली तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### रोजगार मेला व कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आज

**जागरण, हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेला व कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य शासकीय आईटीआई हरदा ने बताया कि इस रोजगार मेले में किसी भी शासकीय अथवा प्राइवेट आईटीआई से किसी भी व्यवसाय से आईटीआई एवं 10वी, 12वींए स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उत्तीर्ण महिला एवं पुरूष आवेदक शामिल हो सकेंगे। उन्होने बताया कि रोजगार मेले में यशस्वी स्किल लिमिटेड द्वारा मशीन ऑपरेटर, फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा ट्रेनी तथा टाटा मोटर्स पेसेन्जर्स व्हीकल द्वारा एनटीटीएफ ट्रेनी पद के लिये भर्ती की जाएगी।

मेले में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदकों को शासकीय आईटीआई में गुरूवार को प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होने के लिये कहा गया है।

### डाटा अपडेट कराने के लिए चलेगा अभियान

**जागरण, हरदा।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिये स्पर्श में आधार, पेन और मोबाइल नम्बर जोडने के लिये विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनुराग सक्सेना ने बताया कि पूर्व सैनिकों तथा उनकी पत्नि का आधार, पेन, मोबाइल नम्बर तथा ईमेल आईडी अपडेट कराने के लिये 16 से 20 जून तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होने अनुरोध किया है कि जिले के सभी पूर्व सैनिक अथवा उनके आश्रित 16 से 20 जून के तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नर्मदापुरम में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर अपना डाटा अवश्य अपडेट करा लें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

**जागरण, हरदा।** पिछडा वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीनीकरण आवेदन हेतु एमपीटास पोर्टल प्रारम्भ कर दिया गया है। संयुक्त कलेक्टर सुश्री रजनी वर्मा ने बताया कि पिछडा वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीनीकरण आवेदन हेतु प्रारम्भ किया गया है। उन्होने जिले के सभी शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत वर्ष 2024-25 के पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के लिये पात्र विद्यार्थियों से एमपी टास पोर्टल पर नवीनीकरण आवेदन ऑनलाइन करने के लिये कहा है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**जागरण, हरदा।** प्रदेश में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। वर्ष 2015 से ही सारी दुनिया में योग के प्रति उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। प्रदेश में जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी। सभी संस्थानों को योग दिवस में भाग लेने के लिये आयुष मंत्रालय भारत सरकार की लिंक पर आयोजक के रूप में अपना पंजीयन कराया जाना है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर भी सामूहिक योग अभ्यास के कार्यक्रम आयोजित करने के लिये विशेष व्यवस्था की जा रही है।

### आत्मा की शांति के लिए उठावना कार्यक्रम की घोषणा

# अनूठा प्रर्दशनः नाराज मूंग उत्पादक किसानों ने किया सरकार का श्राद्ध


:: शोक संदेश ::
ॐ शान्ति ॐ शान्ति
श्रीमान समस्त मूंग उत्पादक किसान हरदा (म.प्र.)
अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है, कि जहर युक्त मूंग खाने से किसान हित का झूठा ढकोसला करने वाली **मध्यप्रदेश सरकार** का आकस्मिक निधन दिनांक 10/06/2025, मंगलवार को हो गया है।
जिनकी आत्मशान्ति हेतु निम्न कार्यक्रम रखा गया है -
उठावना – 12/06/2025, गुरुवार
कार्य स्थल
किसान आक्रोश मोर्चा धरना स्थल
कृषि उपज मण्डी, हरदा
शोकाकुल
समस्त मूंग उत्पादक किसान
जिला हरदा (म.प्र.)
नोट : श्राद्ध कार्यक्रम विधानसभा घेराव करने के पश्चात भोपाल में होगा।

**जागरण, हरदा।** सरकार की नीतियों से आहत किसानों ने एक अनोखा विरोध दर्ज कराते हुए मध्यप्रदेश सरकार के आकस्मिक निधन की घोषणा कर दी है। दरअसल मूंग उत्पादक किसानों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने जहर युक्त मूंग की खरीद की झूठी कोशिश कर उनके साथ बड़ा छलावा किया है। इसी के विरोध स्वरूप किसानों ने बाकायदा शोक संदेश जारी कर सरकार की आत्मा की शांति के लिए उठावना कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। यह उठावना 12 जून 2025 गुरुवार को किसान आक्रोश मोर्चा धरना स्थल कृषि उपज मंडी हरदा में किया जाएगा। किसान संगठन ने इसे सरकार की राजनीतिक मृत्यु करार देते हुए अपने आंदोलन को नए मोड़ पर ला दिया है। शोक संदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उठावने के बाद श्राद्ध कार्यक्रम के रूप में विधान सभा घेराव भोपाल में किया जाएगा, जो सरकार के लिए एक बड़ा सिरदर्द साबित हो सकता है।

### क्या है पूरा मामला

मूंग उत्पादक किसानों का आरोप है कि सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदी का वादा किया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे विपरीत निकली। मूंग की गुणवत्ता को लेकर झूठे बहाने बनाए गए और किसानों को मूंग बेचने से रोका गया।

इससे नाराज किसानों ने यह अनोखा विरोध प्रदर्शन चुना है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि किसानों के इस रचनात्मक और व्यंग्यपूर्ण विरोध का सरकार पर क्या असर होता है। क्या यह राजनीतिक श्राद्ध सरकार को जगाने में सफल होगा या फिर किसानों को एक और लंबा संघर्ष करना होगा

### बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा धरना



**जागरण, खिरकिया।** 1163 मुहाल नहर के खुदाई न होने के कारण किसान चौथे दिन भी धरने पर बैठे रहे। तीसरे दिन शाम को एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया कि चौथे दिन शाम तक समस्या का हल निकाल लिया जाएगा, लेकिन किसान अपनी जीद पर अड़े रहे। किसानों का कहना है कि नो चेंन की खुदाई जब तक नहीं होती, जब तक धरना समाप्त नहीं किया जावेगा। करणी सेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धरना स्तर पर पहुंचे और अपना समर्थन किसानों को दिया। धरने को समर्थन देने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता बद्री पटेल सांगवा, भगवत सिंह पटेल, प्रतापपुरा, सिराली ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह नागू पटेल पहुंचे। किसानों का कहना है कि आज शाम तक एसडीएम साहब ने आश्वासन दिया है। समस्या का हल निकालने आज शाम तक नहर खुदाई का कार्य शुरू नहीं होता है तो अगले दिन चक्का जाम किया जावेगा।

## किसानों के समर्थन में उतरी युवा कांग्रेस ने किया जल सत्याग्रह



**जागरण, हरदा।** किसानों की मूंग फसल की खरीदी समर्थन मूल्य पर शुरू करने की मांग को लेकर बुधवार को युवा कांग्रेस द्वारा मां नर्मदा के तट हंडिया में जल सत्याग्रह कर मुख्यमंत्री के नाम हंडिया तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अजय सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों की ग्रीष्मकालीन मूंग फसल विक्रय हेतु तैयार है, परन्तु प्रदेश की किसान विरोधी भ्रष्ट भाजपा सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रारंभ नही की जा रही है, जिससे किसानों को मंडी में मूंग फसल विक्रय करने में प्रति क्विंटल 2500 से 3000 रुपये का नुकसान हो रहा है। इस हेतु युवा कांग्रेस द्वारा मां नर्मदा के तट हंडिया में जल सत्याग्रह कर माँ नर्मदा से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की गई। हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने द्वारा कहा गया कि भाजपा सरकार के नेता व अधिकारी किसानों की मूंग फसल को जहरीली बता रहे हैं, जबकि बाजार में समस्त प्रकार की जहरीली दवाइयां भाजपा के नेता व अधिकारियों की सांठगांठ से बिक रही है। यदि किसानों की ग्रीष्मकालीन मूंग फसल समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदी गई तो किसानों की आय दोगुनी होने की बजाय आधी हो जावेगी, जिससे उन्हे बड़ा अर्थिक नुकसान होगा और वह कर्जे में डूब जाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल द्वारा कहा गया कि प्रदेश के 16 जिलों के साथ-साथ हरदा जिले के समस्त किसानों द्वारा मूंग फसल में अपनी मेहनत की पूर्ण कमाई व लागत लगा चुके हैं, यदि किसानों की मूंग फसल की खरीदी समर्थन मूल्य पर जल्द शुरू नही की जाती है, तो आगामी खरीफ की फसल बोनी का संकट खडा हो जावेगा और कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ अत्याचार नही होने देगी। टिमरनी विधायक अभिजीत शाह ने कहा कि हम सड़क से लेकर विधानसभा तक किसानों की आवाज बुलंद करेंगे एवं सरकार को समर्थन मूल्य पर खरीदी करने के लिए मजबूर करेगें। किसानों को उनका हक दिलवाकर रहेंगे। जल सत्याग्रह के दौरान कांग्रेस नेता राजेश पटेल, केदार सिरोही, मोहन सांई, गोविन्द व्यास, राहुल पटेल, सुरेन्द्र विश्नोई, आशुतोष कोठारी, योगेश चौहान, शशीकांत वर्मा, अरूण तिवारी, अमर रोचलानी, महेन्द्र मौर्य, अनिल विश्नोई, दीपक सारन, सिद्धांत तिवारी आदि उपस्थित थे।

### झाडपा, कायागांव, खेड़ा व भादूगांव पहुंचे डीएम

# कलेक्टर ने विभिन्न गांवों का दौरा कर देखी व्यवस्थाएं



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को हरदा विकासखंड के ग्राम झाडपा नवीन, कायागांव, खेड़ा व भादूगांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने झाडपा नवीन गांव में आंगनवाडी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों के टीकाकरण एवं पोषण आहार वितरण की जानकारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से ली। उन्होंने ग्राम झाड़पा में उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण कर खाद्यान्न की तुलाई मशीन चेक की और सेल्समैन से खाद्यान्न वितरण के संबंध में पूछताछ की। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम कायागांव के स्कूल का निरीक्षण किया, इस दौरान शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने गांव में विद्युत कटौती की समस्या बताई, जिस पर उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैन ने कायागांव से साल्याखेडी रोड मरम्मत करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने भादूगांव में स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री जैन ने ग्राम खेड़ा में उचित मूल्य की दुकान के निरीक्षण के दौरान सेल्समैन से खाद्यान्न, शक्कर व नमक के उपलब्ध स्टॉक और वितरण के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने खाद्यान्न तुलाई मशीन को चेक किया।

# विधायक ने सड़क निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

### विधायक निधि से 7 लाख की राशि हुई स्वीकृत



**जागरण, हरदा।** बुधवार को हरदा विधायक डॉ रामकिशोर दोगने अपने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्राम झुगरिया पहुंचकर ग्रामिणजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी व तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर ग्रामिणजनों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। हरदा विधायक डॉ दोगने द्वारा ग्रामीणजनों की मांग पर शासकीय प्राथमिक शाला झुगरिया के मेन गेट से शाला भवन की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु विधायक निधि से 07 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। उक्त कार्य का भूमि पूजन हरदा विधायक डॉ दोगने द्वारा समस्त कांग्रेसजनों के साथ मिलकर किया गया। उक्त सडक मार्ग निर्माण कार्य के पूर्ण होने के उपरांत स्कूली बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी। साथ ही हरदा विधायक द्वारा जनपद निधि की 01 लाख 47 हजार रूपये की राशि से शासकीस प्राथमिक शाला झुगरिया प्रांगण में नवनिर्मित बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का लोकापर्ण किया गया। ग्राम को मिली उक्त सौगातों के लिए ग्रामवासियों एवं शास प्राथमिक शाला झुगरिया के स्टाफ एवं स्कूली बच्चों द्वारा हरदा विधायक डॉ दोगने का शाल-श्रीफल भेंट कर पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया व आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामदीन पटेल, विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, राजेश पटेल गोयत, ग्राम सरपंच राहुल पटेल भमोरी, प्रधान पाठक राजेश दुबे, कैलाश जाखड़, शिशुपाल राजपूत, हटे सिंह, भूपेश बाबल, महेश राठौर, कालूराम सांगवा, विजय सिंह राजपूत, बोंदर सांगवा, उमेद सिंह राजपूत, अजय ठाकुर, गम्भीर सिंह सोलंकी, कैलाश पटेल, कल्याण सिंह तोमर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला मोरी, पदम सिंह राजपूत, जय सिंह मोरी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सीईओ का कारनामाः सचिव से चलवा रहे हैं वाहन, ड्राइवर को बना दिया चौकीदार

### नियम विरुद्ध स्वयं का वाहन सीईओ ने जनपद कार्यालय में किया अटैच

**जागरण, खिरकिया।** जनपद पंचायत खिरकिया में वाहन अटैचमेंट और पद के दुरुपयोग को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने जनपद सीईओ प्रवीण ईवने पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने नियमों के विरुद्ध स्वयं का वाहन जनपद कार्यालय में अटैच कर रखा है, जिसका भुगतान सरकारी मद से लिया जा रहा है। साथ ही पंचायत सचिव से ड्राइवर का कार्य करवा कर चालक के नाम पर निकलने वाली राशि भी स्वयं हड़पने का आरोप लगाया गया है। परिजनों का दावा है कि सचिव की जिम्मेदारी पंचायत संचालन व योजनाओं के क्रियान्वयन की होती है, लेकिन उसे वाहन चलाने में लगाकर ग्राम पंचायतों के कार्यों में बाधा उत्पन्न की जा रही है। इससे न केवल जनहित प्रभावित हो रहा है, बल्कि सचिव को भी असुरक्षित, गैर आधिकारिक कार्य में लगाया जा रहा है। इस पूरे मामले में आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी जनपद द्वारा नहीं दी गई। जब जानकारी नहीं मिली तो कार्यकर्ता द्वारा कलेक्टर के नाम से एसडीएम कार्यालय में लिखित शिकायत दी गई। अब सवाल यह है कि छह महीने बीतने के बाद भी क्या यह शिकायत कलेक्टर तक नहीं पहुंची, क्या कलेक्टर द्वारा कोई निर्देश नहीं दिए गए, या फिर यह शिकायत जानबूझकर रोकी या दबा दी गई।

यह प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता पर बड़ा सवाल है। जनपद सीईओ प्रवीण ईवने ने सफाई देते हुए कहा कि स्टाफ की कमी है, इसलिए सचिव से वाहन चलाने का कार्य लिया जाता है। ड्राइवर है, लेकिन उसे चौकीदारी का काम दे रखा गया है। यह बयान स्वयं में विरोधाभास पैदा करता है और प्रशासनिक प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर करता है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**जागरण, हरदा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए 18 वर्ष तक के बालक-बालिका 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इस पुरस्कार से संबंधित अधिक जानकारी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार प्रतिवर्ष बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये दिया जाता है। इस पुरूस्कार के लिए 31 जुलाई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है।

### ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय नर्मदापुरम् की कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा 24 को

**जागरण, हरदा।** मध्य प्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के प्रतिभाशाली अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की बेहतर पढाई के लिये संभागीय मुख्यालयों पर सर्व सुविधायुक्त आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में निःशुल्क अध्ययन, राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ-साथ आवास, भोजन, गणवेश, खेल, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियॉं की सुविधाऐं उपलब्ध हैं। प्राचार्य ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय नर्मदापुरम् ने बताया कि ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा 24 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बालक वर्ग के 25 तथा बालिका वर्ग में जनजातीय वर्ग सहित 18 तथा अन्य वर्ग के 2-2 विद्यार्थियों को र्प्रवेश दिया जाना है।

### मुख्यालय पर नहीं रहते पटवारी, किसान परेशान

**जागरण, रहटगांव।** शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाएं हैं, इसमें पटवारी के प्रतिवेदन की भी आवश्यकता होता है, जैसे जाति प्रमाण पत्र हो या फिर किसानों से संबंधित अन्य कार्य, इसमें सीमांकन तक शामिल है, लेकिन धनपाडा हलके के पटवारी मुख्यालय पर मौजूद नहीं रहते। इस संबंध में क्षेत्र के किसानों ने शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक धनपाडा हल्के के किसान दुर्गा प्रसाद चौहान सहित अन्य किसानों ने बताया कि पटवारी पवन बांके पटवारी हल्के पर आते नहीं हैं और किसानों के कॉल रिसिव भी नहीं करते हैं, इस स्थिति में किसान कहा जाएं। किसानों को छोटे-छोटे काम के लिए परेशान होना पड़ता है। किसानों का कहना है कि पटवारी कभी हल्के पर नही आते हैं और ना ही मुख्यालय पर रहते हैं, इससे काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में किसानों द्वारा 181 और टिमरनी अनुविभागीय अधिकारी को भी शिकायत की है। किसानो द्वारा लगातार शिकातें किये जाने के बावजूद भी इस संबंध में जिम्मेदारों द्वारा कोई कदम नही उठाये जा रहे हैं।

### नाबालिग पीड़िता का नहीं किया मेडिकल परीक्षण, पुलिसकर्मियों के साथ की थी अभद्रता

# कार्रवाईः प्रसव एवं सीजिरियन डिलीवरी के लिए घूस मांगने वाली डॉ. पटेल निलंबित






**जागरण, हरदा।** जिला अस्पताल हरदा में पदस्थ डॉक्टर मीनाक्षी पटेल को नर्मदापुरम के संभाग आयुक्त केजी तिवारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। निलंबन अवधि में डॉक्टर मीनाक्षी पटेल का मुख्यालय कलेक्ट्रेट जिला हरदा रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला हरदा से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर डॉ मीनाक्षी पटेल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए संभाग आयुक्त नर्मदापुरम को प्रस्ताव भेजा था, जिसके आधार पर यह कार्यवाही की गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचपी सिंह ने बताया कि डॉ मीनाक्षी पटेल द्वारा जिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं के उपचार, प्रसव एवं सीजिरियन आपरेशन के लिए निःशुल्क व्यवस्था होने के बाबजूद भी उनसे धनराशि की मांग की जाती थी तथा ओपीडी के समय निजी क्लीनिक में सेवाएं देने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थी। इसके अलावा गत दिनों थाना प्रभारी सिराली द्वारा अपराध क्रमांक 185/25 धारा 137 (2) 8765 (2) वीएनएस 5-6 पाक्सों एक्ट के तहत डॉ मीनाक्षी पटेल द्वारा पीड़िता का मेडिकल परीक्षण नहीं किया गया तथा जिला चिकित्सालय में स्थापित पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इन शिकायतों के आधार पर डॉक्टर मीनाक्षी पटेल के निलंबन की कार्यवाही की गई है।

# अब दिव्यांगों और वृद्धजनों को मतदान में नहीं होगी परेशानी

### जिला व विधानसभा स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी गठित

**जागरण, हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार हरदा जिले में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिये जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि यह समिति जिले में दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिये कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। जारी आदेश अनुसार जिला स्तरीय समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्राचार्य शासकीय स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय हरदा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग तथा अध्यक्ष आरिओला प्रकाशपुंज समिति हरदा को शामिल किया गया है।

### हरदा व टिमरनी के लिए विधानसभा स्तरीय समिति गठित

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिये कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये विधानसभा स्तरीय समिति का पुनर्गठन भी किया गया है। टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के लिये गठित समिति में टिमरनी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र तथा सिराली के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शामिल किया गया है।

जबकि हरदा विधानसभा क्षेत्र के लिये गठित समिति में हरदा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शामिल किया गया है। इसके अलावा समिति में खिरकिया के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र को भी शामिल किया गया है।